CIN No: U38210RJ2013PLC042232

**SHUBHSHREE BIOFUELS ENERGY LIMITED**

*(Formerly Known as Shubhshree Bricks Pvt. Ltd.)*

**Reg.Address:** Plot No. 8, Ganesh Vihar B, Pandit T.N. Mishra Marg, Nirman Nagar, Shyam Nagar, Jaipur - 302019, Rajasthan, India.

***Contact No:*** 9799 998 880 | ***E-Mail:*** shubhshree@biomassfuel.co.in

***Website:*** shubhshreebiofuels.co.in

**Date: January 28, 2025**

**To,**
**The Manager**
**Listing and Compliance Department,**
**NSE Emerge**
**National Stock Exchange of India Limited**
**Exchange Plaza, Plot no. C-1, G-Block,**
**Bandra-Kurla Complex, Bandra-East,**
**Mumbai-400051**

**Symbol: SHUBHSHREE**

**Subject: Intimation of Newspaper advertisement for Postal Ballot Notice & remote e-voting information to members**

Dear Sir/ Madam,

In furtherance of our letter dated January 27, 2025 and pursuant to Regulation 30 and any other applicable provisions of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the newspaper advertisement regarding notice of postal ballot & remote e-voting to seek approval of the members of the Company has been published in "Indian Express" in English and in Jaipur Edition of "Nafa Nuksaan" in Hindi on January 28, 2025.

The Copy of newspaper advertisement is enclosed for reference. The same is also made available on the website of the Company at www.shubhshreebiofuels.co.in.

Kindly take on record the same and oblige us.

**Thanking you,**
**Yours faithfully,**
**For SHUBHSHREE BIOFUELS ENERGY LIMITED**

SAGAR AGRAWAL
Digitally signed by SAGAR AGRAWAL
Date: 2025.01.28 11:46:46 +05'30'

**SAGAR AGRAWAL**
**CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 03209247**

**Enclosed: As above**

# ई-कॉमर्स वेब को एक्सपेंड कर रही हैं दिग्गज एफएमसीजी कम्पनियां

**नई दिल्ली@एजेंसी**

प्रमुख पैकेज्ड गुड्ज कम्पनियां जैसे आईटीसी, नेस्ले, अमुल, डाबर और मैरिको अपने स्वयं के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को मल्टीपल सिटीज तक एक्सपेंड कर रही हैं। कुछ पर तो कस्टमर बेस को बढ़ाने के लिये तीस प्रतिशत तक का डिस्काउंट भी ऑफर किया जा रहा है। यह बात केवल क्विक कॉमर्स या ई-कॉमर्स से प्रतिस्पर्धा की नहीं है बल्कि नये कस्टमर्स को जोड़ने की है। कस्टमर्स को यदि सीधे बिक्री की जायेगी तो डिस्ट्रीब्यूटर, रिटेलर मार्जिन में लाभ मिलेगा और डायरेक्टली कस्टमर को डिस्काउंट दे पायेंगे।

एक सीनियर एक्जीक्यूटिव के अनुसार स्वयं के ऑनलाइन स्टोर पूरा पोर्टफोलियो स्टॉक करने की सुविधा भी देता है। यह अमेजॉन या ब्लिंकइट पर सम्भव नहीं है। इसलिये कम्पनियां डाइवर्स पोर्टफोलियो को ई-स्टोर्स पर स्केअप कर रही हैं। आईटीसी ने स्वॉपस्टोर प्लेटफॉर्म से पार्टनरशिप की है। गौरतलब है कि स्वॉपस्टोर रिवॉर्ड्स और इंसेंटिव्ज प्लेटफॉर्म है। पैकेज्ड फूड मेकर नेस्ले ने लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन प्रोवाइडर डेलहीवेरी से सहयोग किया है। डेलहीवेरी उनके लिये डिलीवरी करेगी और ई-स्टोर को दिल्ली और बैंगलुरु के बाद मुम्बई में विस्तार देने का काम भी करेगी। नेस्ले प्रवक्ता के अनुसार डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन ग्रोथ का प्रमुख ड्राइवर बन रहा है और डी2सी (डायरेक्ट टू कस्टमर)को बढ़ावा दे रहा है। ई-स्टोर पर वह प्रोडक्ट बंडल्स, रेसीपीज, गिफ्ट्स, सब्सक्रिप्शंस और न्यूट्रीशन काउंसलिंग भी ऑफर कर रही है।

डाबर इन्डिया के अनुसार उसने डायरेक्ट डिलीवरीज को करीब 19,000 पिनकोड्स तक बढ़ा लिया है। एक वर्ष के पूर्व यह करीब 16,000 पिनकोड्स तक थी। डाबर के चीफ एक्जीक्यूटिव के अनुसार डी2सी चैनल उत्पादों की सम्पूर्ण रेंज को प्रोवाइड करने का काम करते हैं। इनमें आयुर्वेदिक दवाईयां भी शामिल हैं जो कि ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस पर उपलब्ध नहीं हो पाती। अमुल भी स्वयं का क्विक कॉमर्स डिलीवरी प्लेटफॉर्म लांच करने का विचार कर रही है। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर के अनुसार डीटूसी पोर्टल उनके लिये वैल्यू एड करने वाला बिजनेस होगा। प्रयास यह है कि डिलीवरी टाइम को कम किया जाये और स्पेशियल ओकेजंस पर कस्टमर्स को डिस्काउंट ऑफर किया जाये ताकि फुटफॉल्स भी बढ़ें।

जो प्लेटफॉर्म्स एक समय न्यू लांच टेस्टिंग के लिये शुरू किये गये अब ऑनलाइन शॉपिंग के प्रति कन्ज्यूमर बिहेवियर बढ़ने से दूसरे तरीके से कम्पनियों के लिये लाभ का सौदा बन सकते हैं। सूत्रों के अनुसार स्वयं की वेबसाइट पूरी रेंज और वेरियंट्स की बिक्री के लिये एक सही चैनल बन सकती है। ई-कॉमर्स, ट्रेडीशनल ट्रेड पर फास्ट सेलिंग स्टॉक कीपिंग यूनिट्स और ब्राण्ड्स को ही सेल किया जाता है। ऐसे में ई-स्टोर बिजनेस को नये रूप में विस्तार देने का काम कर सकता है।



## 10 मिनट में मेडिसन डिलीवरी करना चाहती है जेप्टो

**बैंगलुरु/एजेंसी।** मेडिसन डिलीवरी स्पेस में प्रवेश करने के लिये जेप्टो ने 'जेप्टो फॉर्मेसी' को पेश किया है। बैंगलुरु, मुम्बई और हैदराबाद की चुनिंदा लोकेशंस में यह पायलेट प्रोग्राम लांच किया गया है। ऑफर कम्पनी के मुख्य एप से इंटीग्रेड किया गया है। यह प्रेसक्रिप्शन और ओवर द काउंटर मेडिसन दोनों को ऑफर कर रहा है। कम्पनी के सूत्रों के अनुसार यदि किसी के पास डॉक्टर प्रेसक्रिप्शन नहीं है तो यूजर को टेलीकन्सल्टेशन फीचर दिया जा रहा है। अभी यह पायलेट लेवल पर है और ऑपरेशंस को रिलायेबल बनाने व हाई क्वालिटी मेनटेन करने पर फोकस किया जा रहा है। गौरतलब है कि स्विगी इन्स्टामार्ट ने फार्मइजी और टाटा1एमजी ने टाटा बिगबास्केट बीबी नाओ के साथ सहयोग किया है। क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकइट ने गुरुग्राम के कुछ इलाकों में 10 मिनट एम्बूलेंस सर्विस लांच की है। वर्तमान में यह सेगमेंट रिलायंस रिटेल ओंड नेटमेड्स, टाटा1एमजी और अपोलो फॉर्मेसी के डॉमीनेंस वाला है। ग्रेंट थॉर्नटन भारत की एक रिपोर्ट के अनुसार देश का क्विक कॉमर्स मार्केट वर्ष 2029 तक तीन गुना बढ़ने की सम्भावना है। वर्गमान में यह 3.34 बिलियन डॉलर का है और बढ़कर 9.94 बिलियन डॉलर का हो जाने की सम्भावना है।

# सर्विस में कमी के लिए एयरलाइन संचालक 50 हजार का मुआवजा दे



**चेन्नई@पीटीआई**

तमिलनाडु के एक उपभोक्ता मंच ने एक एयरलाइन संचालक को निर्देश दिया है कि वह एक बुजुर्ग दम्पति को फ्रैंकफर्ट की उनकी यात्रा के दौरान सेवा में कमी के लिए 50,000 रुपये का मुआवजा दे। चेन्नई दक्षिण के जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की अध्यक्ष बी जिजा ने हाल में यह आदेश दिया। उन्होंने कहा कि चूंकि शिकायतकर्ताओं ने एयरलाइन के माध्यम से अपनी यात्रा पूरी की थी, इसलिए वे टिकट के पैसे वापस पाने के हकदार नहीं हैं। उन्होंने लुफ्थांसा जर्मन एयरलाइंस को सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए मुआवजा के रूप में 50,000 रुपये तथा कानूनी लागत के लिए 5,000 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। अड्यार निवासी 68 वर्षीय जोजू डोमिनिक और उनकी पत्नी 64 वर्षीय जैस्मीन जोजू ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 35 के तहत मंच के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी इस शिकायत में दम्पति ने मंच से मांग की थी कि एयरलाइन संचालक को चेन्नई-फ्रैंकफर्ट-वैंकूवर-फ्रैंकफर्ट-चेन्नई यात्रा के लिए टिकटों के 3,57,509 रुपये वापस करने और यात्रा के दौरान उन्हें हुई मानसिक पीड़ा के लिए मुआवजे के रूप में पांच लाख रुपये देने का निर्देश दिया जाए।

उन्होंने दावा किया कि उनकी उड़ान में डेढ़ घंटे की देरी हुई और इसलिए वे फ्रैंकफर्ट में कनेक्टिंग फ्लाइट से चूक गए। देरी का कारण विमान की सफाई था। शिकायतकर्ताओं और साथी यात्रियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा क्योंकि उन्हें तब तक 'एयरोब्रिज' में इंतजार करना पड़ा तब तक पूरी सफाई नहीं हो गई। इसके अलावा उन्होंने बताया कि विमान में जो सीट उन्हें दी गई, वह गीली थी और उस पर पानी टपक रहा था। डोमिनिक ने कहा कि जब उन्होंने इसकी शिकायत की तो उनसे कहा गया कि कंबल से पानी रोकें और सीट पर न बैठने पर उन्हें विमान से उतारने की धमकी दी गई।

# इंडिगो का प्रॉफिट थर्ड क्वार्टर में 18.6% घटा

**मुंबई@आईएएनएस**

इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी ने बताया कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 18.6 प्रतिशत गिरकर 2,448.8 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि गत वर्ष समान अवधि में 2,998.1 करोड़ रुपये था। कंपनी का मुनाफा गिरने की वजह खर्च का बढ़ना है।

वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में कंपनी का खर्च 20,466 करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल की समान तिमाही में 17,064 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में कंपनी का मार्जिन 430 आधार अंक गिरकर 11.1 प्रतिशत रह गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 15.4 प्रतिशत कम था। कंपनी की ऑपरेशनंस से आय 13.7 प्रतिशत बढ़कर 22,110.7 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 19,452.1 करोड़ रुपये थी। कंपनी की आय तिमाही आधार पर 30 प्रतिशत बढ़ी है। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में कंपनी की आय 16,970 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 986 करोड़ रुपये का भारी शुद्ध घाटा दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि (वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही) में 188 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

इंडिगो का ईबीआईटीडीएआर 10.7 प्रतिशत बढ़कर तीसरी तिमाही में 6,059 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 5,475 करोड़ रुपये था। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मुताबिक, दिसंबर में इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 64.4 प्रतिशत थी। वहीं, एयर इंडिया की हिस्सेदारी 26.4 प्रतिशत थी।


भारत की कमर्शियल एयरलाइंस में दिसंबर 2024 में 1.49 करोड़ से अधिक यात्रियों ने उड़ान भरी थी। यह पिछले साल के दिसंबर 2023 के आंकड़े 1.38 करोड़ से 8.19 प्रतिशत अधिक है। भारत के घरेलू मार्गों पर एयर पैसेंजर ट्रैफिक 2024 में 6.12 प्रतिशत बढ़कर 16.13 करोड़ हो गया है, जो कि पिछले साल 15.2 करोड़ था।

# ज्योतिष को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है AI

**नयी दिल्ली@एजेंसी**

टेक्नोलॉजी और ट्रेडीशन के रोमांचक मेल में, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) देश में ज्योतिष क्षेत्र को नया आकार दे रही है। यह व्यक्तिगत सोच तक त्वरित पहुंच को सक्षम कर रही है, और नवीन डिजिटल मंचों के माध्यम से अपने भविष्य के बारे में जानने को उत्सुक प्रौद्योगिकी-प्रेमी पीढ़ी को आकर्षित कर रही है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में एआई मानव ज्ञान और विशेषज्ञता की जगह लेने के बजाय उसकी पूरक होगा। यह दिलचस्प मिश्रण सिर्फ एक गुजरता हुआ चलन नहीं है, बल्कि यह भारत में लाखों लोगों के सितारों और उनके भाग्य से जुड़ने के तरीके को बदल रहा है।

एस्ट्रोसेज एआई के फाउंडर ने कहा कि भारत में एआई, कुंडली को डिजिटल बनाकर, तत्काल व्यक्तिगत कुंडली पढ़ने की पेशकश करके और उपयोगकर्ताओं को किसी भी समय, कहीं भी ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्राप्त करने में सक्षम बनाकर पारंपरिक प्रथाओं को बदल रहा है, जिससे ज्योतिष अधिक सुलभ और लोकप्रिय हो गया है। उन्होंने कहा कि हमारे एआई ज्योतिषी कुछ ही सेकंड में जवाब दे सकते हैं। ये जवाब न केवल त्वरित हैं बल्कि अधिक सटीक भी हैं जो उपयोगकर्ताओं के साथ गहराई से जुड़ते हैं। एआई-आधारित ज्योतिष ऐप उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस प्रदान करते हैं, जिससे उपयोगकर्ताओं के लिए बातचीत करना और उपयोगी जानकारी प्राप्त करना आसान हो जाता है और इसमें दैनिक भविष्यवाणियां, अनुकूलता रिपोर्ट और व्यक्तिगत सलाह जैसी विभिन्न अतिरिक्त सुविधाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि एस्ट्रोसेज के एआई फीचर ने 2024 में शुरुआत के बाद से 2.5 करोड़ से अधिक प्रश्नों का उत्तर दिया है, जो सकारात्मक उपयोगकर्ता प्रतिक्रिया को दर्शाता है। इस परिवर्तन के मूल में परिष्कृत प्रौद्योगिकी है। बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) और मशीन लर्निंग एल्गोरिदम ज्योतिषीय डेटा के प्रसंस्करण में सहायता कर रहे हैं। इंस्टाएस्ट्रो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि हम ज्योतिष को डिजिटल युग में लाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों के मिश्रण का उपयोग करते हैं। चलन को पहचानने और भविष्यवाणियों को बेहतर बनाने में मशीन लर्निंग बड़ी भूमिका निभाती है। प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण हमें सहज ज्ञान युक्त चैटबॉट बनाने में मदद करता है जो ऑफलाइन उपयोगकर्ता सवालों को समझते हैं और उनका जवाब देते हैं। बिग डेटा एनालिटिक्स हमें वर्षों की ज्योतिषीय अंतर्दृष्टि को संसाधित करने में सक्षम बनाता है, जबकि अनुशंसा एल्गोरिदम उपयोगकर्ताओं को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर सही ज्योतिषियों से मिलाने में मदद करता है। एस्ट्रोयोगी के सह-संस्थापक और मुख्य परिचालन अधिकारी ने कहा कि उच्च सोशल मीडिया उपयोग वाले शहरों में, हमारे ज्योतिष उत्साही लोगों में 'जेन-जेड' की संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से लगभग 55 प्रतिशत युवा उपयोगकर्ता विशेष रूप से हमारे एआई-आधारित मंच के माध्यम से संबंधों के मार्गदर्शन की तलाश करते हैं।




## शुभश्री बायोफ्यूल्स एनर्जी लिमिटेड

Shubhshree Biofuels Energy Ltd.

राजि. कार्यालयः प्लॉट नंबर 8 गणेश विहार बी, पंडित टी.एन मिश्रा मार्ग, निर्माण नगर, श्याम नगर, जयपुर-302019 ( राज. ) भारत
दूरभाष नं.: 9799998880 बेबसाईट :- www.shubhshreebiofuels.co.in;
ई-मेल :- cs@biomassfuel.co.in; सीआईएन :- U38210RJ2013PLC042232

### सदस्यों को डाक मतपत्र और दूरस्थ ई-वोटिंग की सूचना

प्रिय सदस्य

सूचना इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 (**'अधिनियम'**) की धारा 108, 110 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22 के साथ पढ़ें, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 (**'सूचीबद्धता विनियम'**), भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (**'एसएस-2'**) द्वारा जारी आम बैठकों पर सचिवीय मानक, 19 सितंबर, 2024 के सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (**'एमसीए परिपत्र'**) द्वारा इस संबंध में जारी पहले के परिपत्र और अन्य लागू नियम, विनियम, दिशानिर्देश, परिपत्र और अधिसूचनाएं, शुभश्री बायोफ्यूल्स एनर्जी लिमिटेड (**'कंपनी'**) सदस्यों की सहमति पोस्टल बैलट के जरिए, केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान (यानी रिमोट **ई-वोटिंग**) के जरिए मांग रही है। विशेष व्यवसाय, जैसा कि 23 जनवरी, 2025 के पोस्टल बैलट नोटिस में उल्लेख किया गया है। एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, ई-वोटिंग के लिए स्पष्टीकरण कथनों और निर्देशों के साथ पोस्टल बैलट नोटिस 27 जनवरी, 2025 को ई-मेल द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजा गया है, जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट यानी बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ पंजीकृत हैं। पोस्टल बैलट नोटिस कंपनी की वेबसाइट यानी www.shubhshreebiofuels.co.in और ई-वोटिंग एजेंसी नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('NSDL') की वेबसाइट यानी www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है। ये विवरण स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं, जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं यानी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड का इमर्ज प्लेटफॉर्म(NSE इमर्ज)www.nseindia.com पर। अधिनियम की धारा 108 और 110 के प्रावधानों और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22 और लिस्टिंग विनियमों के नियम 44 के अनुपालन में, कंपनी 24 जनवरी, 2025 तक शेयर रखने वाले अपने सदस्यों को पोस्टल बैलट की सूचना में प्रस्तावित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए एनएसडीएल के माध्यम से दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है। दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि मंगलवार, 28 जनवरी, 2025 को सुबह 10:00 बजे (आईएसटी) से शुरू होगी और बुधवार, 26 फरवरी, 2025 को शाम 05:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025 ('कटऑफ तिथि') तक शेयर रखने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं एक बार जब सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डाल दिया जाता है, तो सदस्य को बाद में इसे बदलने या फिर से वोट डालने की अनुमति नहीं होगी। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तिथि पर कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे।

डीमैट फॉर्म में शेयर रखने वाले सदस्य, जिनकी ई-मेल आईडी डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत नहीं हैं, वे पोस्टल बैलट नोटिस में दी गई ई-वोटिंग प्रक्रिया का पालन करके अपना वोट डाल सकते हैं। जिन सदस्यों की ई-मेल आईडी पंजीकृत/अपडेट नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे डिपॉजिटरी प्रतिभागी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अपना ई-मेल पता पंजीकृत करें, जिसके साथ वे अपना डीमैट खाता बनाए हुए हैं।

निदेशक मंडल ने डाक मतपत्र रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए सीएस मनोज माहेश्वरी (एफसीएसः 3355; सीओपीः 1971), प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी को स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया है और उनकी अनुपस्थिति में सीएस प्रियंका अग्रवाल (एफसीएसः 11138; सीओपीः 15021), प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी को वैकल्पिक स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया है। रिमोट ई-वोटिंग के नतीजे 28 फरवरी, 2025 को या उससे पहले घोषित किए जाएंगे। स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट के साथ नतीजे कंपनी की वेबसाइट www.shubhshreebiofuels.co.in, ई-वोटिंग एजेंसी NSDL की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट जहां कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं यानी NSE इमर्ज www.nseindia.com पर सदस्यों की जानकारी के लिए उपलब्ध होंगे। जिन सदस्यों को पोस्टल बैलट नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, वे इसकी डुप्लिकेट प्राप्त करने के लिए कंपनी को cs@biomassfuel.co.in पर या रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट को investors@bigshareonline.com पर लिख सकते हैं या इसे NSDL की वेबसाइट यानी www.evoting.nsdl.com या कंपनी की वेबसाइट यानी www.shubhshreebiofuels.co.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

जो व्यक्ति कट ऑफ तिथि तक कंपनी का सदस्य नहीं था, उसे पोस्टल बैलट नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से लेना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान से संबंधित प्रश्नों/शिकायतों के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका देख सकते हैं या 022-4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं या evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं या कुमारी पल्लवी म्हात्रे (वरिष्ठ प्रबंधक) नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, 301, तृतीय तल, नमन चेम्बर्स, जी ब्लॉक, प्लॉट संख्या- सी-32, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा ईस्ट, मुंबई- 400051 से संपर्क कर सकते हैं।

दिनांकः 27 जनवरी, 2025
स्थानः जयपुर

निदेशक मंडल के आदेश से
शुभश्री बायोफ्यूल्स एनर्जी लिमिटेड
एसडी/-
निधि खंडेलवाल
कंपनी सचिव और अनुपालना अधिकारी
एम.नं. ए 31808



## NITIN SPINNERS LIMITED

Regd. Office : 16-17 Km. Stone, Chittor Road, Hamirgarh, Bhilwara - 311 025 (Rajasthan)
CIN L17111RJ1992PLC006987 • Tel. : +91 1482 286110, Fax : 91 1482 286117
Website : www.nitinspinners.com • E-Mail - nsl@nitinspinners.com

**EXTRACT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2024**

(Rs. in Lacs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | Nine Months ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 | 31.12.2023 | 31.12.2024 | 31.12.2023 |
| 1 | Total Income from Operations (Net) | 83951.43 | 75072.07 | 246711.18 | 210656.67 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax & Exceptional items) | 5986.92 | 4308.77 | 17377.31 | 12475.23 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional items) | 5986.92 | 4308.77 | 17377.31 | 12475.23 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period (after Tax & Exceptional items) | 4477.85 | 3174.73 | 12905.73 | 9234.45 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 4389.99 | 3265.19 | 12928.64 | 9228.71 |
| 6 | Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each) | 5622.00 | 5622.00 | 5622.00 | 5622.00 |
| 7 | Reserves i.e. Other Equity (excluding revaluation Reserves in Audited Balance Sheet as at 31.03.2024) | | | | 109010.82 |
| 8 | Earning Per Share in Rupees (of Rs. 10/- each) (for continuing operations)- | | | | |
| | 1. Basic | 7.96 | 5.65 | 22.96 | 16.43 |
| | 2. Diluted | 7.96 | 5.65 | 22.96 | 16.43 |

**Note:**
The above is an extract of the detailed Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2024 filed with the Stock Exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange websites www.bseindia.com, www.nseindia.com and Company's website www.nitinspinners.com

For and on behalf of Board of Directors
For Nitin Spinners Ltd

Date : 27.01.2025
Place : Hamirgarh (Bhilwara)

(Dinesh Nolkha)
Chairman & Managing Director
DIN : 00054658



## लहर फुटवियर्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : ए-243 (ए), रोड़ न. 6, वीकेआई एरिया, जयपुर 302013, फोन : 0141-4157777 वेबसाइट : www.leharfootwear.com
ई-मेल : info@leharfootwear.com, csco@leharfootwear.com, सीआईएन : : L15209RJ1994PLC008196

**31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही व नौमाही के लिए अनअंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(रू. लाखों, में प्रति अंश को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौमाही | | समाप्त वित्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | परिचालनों से कुल आय (अन्य आय सहित) | 6709.61 | 3770.97 | 3586.08 | 16810.03 | 15655.74 | 19508.81 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध मुनाफा/(हानि) (कर, असामान्य तथा/या असाधारण मदों से पूर्व) | 306.48 | 173.45 | 153.88 | 796.1 | 728.55 | 890.2 |
| 3. | अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध मुनाफा/(हानि) (असामान्य तथा/या असाधारण मदों के पश्चात) | 306.48 | 173.45 | 153.88 | 796.1 | 728.55 | 890.2 |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध मुनाफा/(हानि) (असामान्य तथा/या असाधारण मदों के पश्चात) | 217.86 | 126.74 | 103.42 | 528.76 | 534.27 | 655.81 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आमदनी (अवधि के लिए (कर पश्चात) मुनाफा/(हानि) युक्त) तथा अन्य व्यापक आमदनी (कर पश्चात)) | 217.86 | 342.87 | 103.42 | 798.89 | 534.27 | 656.9 |
| 6. | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी | 1767.88 | 1767.88 | 1633.13 | 1767.88 | 1633.13 | 1767.88 |
| 7. | पिछले वर्ष की बेलेंसशीट के अनुसार रिजर्व, रीवेल्यूएशन रिजर्व के अलावा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5905.27 |
| 8. | प्रति शेयर आय (10/- प्रत्येक का) (जारी तथा स्थगित परिचालनों हेतु) | | | | | | |
| | बेसिक: (रुपये में) | 1.23 | 0.72 | 0.95 | 3.3 | 4.89 | 4.02 |
| | डायलूटेड: (रुपये में) | 1.23 | 0.72 | 0.95 | 3.3 | 4.89 | 4.02 |

**टिप्पणियां:**

(क) उपरोक्त तिमाही व नौमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है, जो सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनिमय, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किया गया है। तिमाही वित्तीय परिणाम का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.leharfootwear.com पर उपलब्ध है व इन्हें नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर भी देखा जा सकता है।

(ख) उपरोक्त वित्तीय परिणाम की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई और निदेशक मंडल द्वारा 27 जनवरी 2025 को हुई अपनी बैठक में अनुमोदन किया गया।

(ग) #- इंड-एएस नियम/एएस नियम, जो भी लागू हो, के अनुसार लाभ हानि खाते में असाधारण मद के आंकड़ों को समायोजित किया गया है।

स्थान : जयपुर
दिनांक : 27/01/2025

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
लहर फुटवियर्स लिमिटेड
कृते/-
राजकुमार अग्रवाल (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक)
DIN : 00127215

